**Regarding need to restore stoppage of trains at railway stations in Janjgir-Champa Parliamentary Constituency, Chhattisgarh-Laid**

श्रीमती कमलेश जांगड़े **(**जांजगीर**-**चांपा**) :** मेरे लोकसभा क्षेत्र जांजगीर चाम्पा (छत्तीसगढ़) में स्थित बाराद्वार, सक्ती, जांजगीर, चाम्पा, और अकलतरा रेलवे स्टेशनों पर कोरोना काल के पहले कई ट्रेनों का स्टापेज था, लेकिन कोरोना काल के दौरान इन स्टेशनों पर कई प्रमुख ट्रेनों का ठहराव बंद कर दिया गया था । अभी भी उक्त स्टेशनों पर कोरोना काल से बंद ट्रेनों का ठहराव सुचारू रूप से संचालित नही हो पाया है । ट्रेनों का ठहराव नही होने के कारण मेरे लोकसभा क्षेत्र जांजगीर चाम्पा के लगभग लाखों लोगों को यात्रा करने में काफी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है । अतः माननीय रेल मंत्री जी से निवेदन है कि बाराद्वार , सक्ती , जांजगीर, चाम्पा, और अकलतरा रेलवे स्टेशनों पर कोरोना काल से बंद ट्रेनों के ठहराव को पुनः संचालित किया जाए, जिससे रेलवे को राजस्व में बढ़ोतरी होने के साथ-साथ लोगों को यात्रा आवागमन में हो रही असुविधा का समाधान हो सके ।